an>

Title: Need to convert Pulgaon-Arvi railway line into broad gauge.

**श्री रामदास सी. तडस (वर्धा)** ः मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान पुलगांव-आर्वी नैरोगेज रेल सेवा जो अंग्रेजों के जमाने से चल रही थी, बंद पड़ी है, के संदर्भ में कहना चाहता हूँ/ कि पुलगांव में एशिया का वृ़एD कैंप है, साथ ही साथ कपास तथा संतरा के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान है। व्यापार के लिए देश के प्रमुख स्थानों से पुलगांव में लोग आते रहे हैं किंतु रेल परिचालन बंद होने से लोगों को काफी संकट का सामना करना पड़ता है, साथ ही साथ वृ़एD कैंप के अधिकारियों को भी आवागमन में परेशानी होती है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस बंद नैरोगेज रेल लाइन को ब्रॉडगेज रेलवे लाइन में परिवर्तित कराने हेतु शीघ्र आदेश निर्देशित कराने की कृपा करें जिससे आम नागरिकों को सुविधा प्राप्त हो सके।